

मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

RNI NO. 50259/90

वर्ष : 37

अंक : 110

भोपाल, मंगलवार

09 जून 2026

पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रु.

www.amritdarshan.com

Email : amritdarshan@yahoo.com



03 विधायक ने दिखाई मलेरिया जागरूकता रथ को हरी झंडी

अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रनों से हराया 06


## मध्यप्रदेश में कांग्रेस विधायकों की बाड़ाबंदी

# 180 सीटर स्पेशल प्लेन से उड़ान भरेंगे फैमिली के साथ जाएंगे बेंगलुरु

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायकों की बाड़ेबंदी की तैयारियां पूरी हो गई है। सभी 180 सीटर स्पेशल प्लेन से बेंगलुरु के लिए रवाना होंगे। सभी एमएलए अपनी फैमिली के साथ जाएंगे। प्रदेश में राज्यसभा सदस्य की तीसरी सीट पर कब्जा बरकरार रखने के लिए कांग्रेस पूरजोर मेहनत कर रही है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के भोपाल स्थित निवास पर विधायकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। कांग्रेस विधायक दिनेश जैन मुनमुन और सोहन वाल्मिकी ने आरोप लगाया कि विधायकों को बीजेपी बड़ा ऑफर दे रही है।

**आरोप- भाजपा से आ रहे ऑफर**



### 18 जून तक प्रदेश से बाहर रहेंगे कांग्रेस के विधायक

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के सरकारी निवास से सभी विधायक बसों से एयरपोर्ट के लिए रवाना होगे। यहां से दोपहर करीब 1 बजे के आसपास सभी स्पेशल प्लेन से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरेंगे। 18 जून को राज्यसभा सदस्य के लिए चुनाव होगा। तब तक सभी प्रदेश से बाहर रहेंगे। कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य की उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन हैं।

### महिला आरक्षण की बात करने वाले हराने में लगेः जीतू पटवारी

विधायकों के बाड़ेबंदी के बीच पीसीसी चीफ जीतू पटवारी का बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी महिला आरक्षण की बात करती है और वह खुद अब महिला को हराने की साजिश कर रही है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मन परिवर्तन होता तो जाते नहीं। सभी का मन कांग्रेस के साथ है।

### कांग्रेस के वोट खतरे में

पिछले दिन दिल्ली हाई कोर्ट में कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती ने एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा उन्हें दी गई सजा के खिलाफ चल रहे मामले में अर्जेंट सुनवाई की अर्जी दी थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था । लेकिन उनके वकील कपिल सिब्बल हाईकोर्ट नहीं पहुंचे, जिसके कारण सुनवाई नहीं हो सकी । अब कयास लगाए जा रहे हैं ,कि कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती को राज्यसभा चुनाव में वोटिंग करने का मौका नहीं मिलेगा। इसी तरह से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पहले ही दावा कर चुके हैं, कि बीना से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे उन्हें ही वोट करेंगी । इस तरह से देखा जाए तो कांग्रेस के वोट खतरे में नजर आते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खान सर को राहत, पटना कोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**पटना।** चर्चित कोचिंग विवाद और फायरिंग मामले में आरोपी बनाए गए मशहूर शिक्षक 'फैजल खान' उर्फ खान सर को अदालत से बड़ी राहत मिली है। आज यानी 9 जून मंगलवार को



उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई हुई, जहां कोर्ट ने उन्हें अंतरिम संरक्षण देते हुए फिलहाल किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने अदालत को बताया कि खान सर का मामले में सीधे तौर पर कोई आपराधिक रोल नहीं है और उन्हें गलत तरीके से इस केस में शामिल किया गया है। वहीं, पुलिस की ओर से दर्ज एफआईआर और जांच से जुड़ी जानकारी कोर्ट के सामने पेश की गई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जिला जज ने खान सर को अंतरिम राहत प्रदान की। अदालत के आदेश के बाद फिलहाल उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकेगी और अगली सुनवाई तक उन्हें कानूनी संरक्षण मिलता रहेगा। इसका मतलब है कि अभी उनकी गिरफ्तारी नहीं होगी।

### पद्म श्री से सम्मानित होंगे आर. माधवन और स्व. सतीश शाह, राजेंद्र प्रसाद को मिलेगा पद्म भूषण



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े नागरिक सम्मान समारोह पद्म पुरुस्कार में इस साल 131 लोगों का नाम लिस्ट में शामिल है। इसमें से 66 लोगों को पहले ही मिल चुका है और अब बाकी की हस्तियों को 23 जून को सम्मान किया जाना है। इस लिस्त में सिनेमा और संगीत जगत के भी कुछ लोगों का नाम शामिल है। 23 जून को होने वाले पद्म पुरुस्कार समारोह के दूसरे चरण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक्टर-फिल्ममेकर आर. माधवन, मलयालम सुपरस्टार ममूटी , दिवंगत एक्टर सतीश शाह और तेलुगु सिनेमा के दिग्गज राजेंद्र प्रसाद को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करने वाली हैं। आर माधवन और सतीश शाह को दिया जाएगा पद्म श्री इस पद्म पुरुस्कार का दूसरा समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया जाएगा। मशहूर एक्टर आर. माधवन और सतीश शाह को पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा। 'मैडी' के नाम से मशहूर इस एक्टर ने टेलीविजन और सिनेमा में सफल करियर बनाया है। उन्होंने तमिल, हिंदी और कई भाषाओं में 1,200 से ज्यादा टेलीविजन एपिसोड और 75 फिल्मों में काम किया है।

### उड़ता तीर




### अंतर्मना उवाच

***पैंतीस और सैंतीस कभी साथ नहीं रह सकते.. क्योंकि दोनों के बीच छत्तीस का आँकड़ा है..! मैं ज़िंदा हूँ...***

*एक किसी बड़े समारोह में, जहाँ कई मशहूर हस्तियाँ मौजूद थीं, **एक बुज़ुर्ग महिला** छड़ी के सहारे मंच पर आईं और अपनी सीट पर बैठ गईं।*


***होस्ट ने पूछा** – क्या आप आज भी डॉक्टर के पास अक्सर जाती हैं..?*

***बुज़ुर्ग महिला मुस्कराकर बोलीं** – हाँ, मैं तो अक्सर जाती हूँ!*

***होस्ट ने पूछा** – क्यों..?*

***बुज़ुर्ग महिला हँसते हुए बोलीं** – मरीज़ों को डॉक्टर के पास जाना चाहिए, **तभी तो डॉक्टर ज़िंदा रहेगा..!***

*उस बुज़ुर्ग महिला की हाजिर जवाबी पर पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा।*



अतिशय क्षेत्र वागोल पार्श्वनाथ जी, जिला, बाँसवाड़ा (राज)। कडक धूप, भीषण गर्मी, 42डिग्री तापमान में 60 मिनिट का उत्कृष्ट तप करते तपस्वी सम्राट अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागरजी महाराज

***फिर होस्ट ने पूछा** – तो क्या आप फार्मासिस्ट के पास भी जाती हैं..?*

***बुज़ुर्ग महिला बोलीं** – ज़रूर! क्योंकि **फार्मासिस्ट को भी तो जीना है..!***

*अबकी बार और ज्यादा तालियां बजी।*

***होस्ट ने हँसते हुए पूछा** – तो क्या आप फार्मासिस्ट की दी हुई दवाइयाँ भी लेती हैं..?*

***बुज़ुर्ग महिला तुरंत बोलीं** -- नहीं..! दवाइयाँ तो अक्सर फेंक देती हूँ... **मुझे भी तो जीना है..!***

*इस पर तो पूरा हॉल ठहाकों से गूंज उठा।*

*अंत में **होस्ट ने कहा** – आपका धन्यवाद कि आप इस इंटरव्यू में आईं।*

***बुज़ुर्ग महिला मुस्कराकर बोलीं** – आपका भी धन्यवाद... मुझे मालूम है, **आपको भी तो जीना है..!***

*श्रोता देर तक हँसते रहे और तालियाँ बजती रहीं।*

*फिर **किसी ने एक और सवाल किया** – क्या आप अपने व्हाट्सएप ग्रुप में भी एक्टिव रहती हैं..?*

***बुज़ुर्ग महिला बोलीं** – हाँ, बीच-बीच में मैसेज भेजती रहती हूँ... ताकि **सबको पता लगे कि मैं ज़िंदा हूँ..!** वरना लोग समझेंगे कि मैं चली गई और ग्रुप एडमिन मुझे हटा देगा!*

***कहते हैं, यह दुनिया के सबसे मज़ेदार चुटकुलों में से एक माना गया, क्योंकि – सबको जीना है..!***

***तो मेरे प्यारे दोस्तों** -- मुस्कुराते रहिए, संदेश भेजते रहिए और अपनों से जुड़े रहिए। लोगों को पता चलता रहना चाहिए कि आप ज़िंदा हैं, खुश हैं और तंदुरुस्त हैं।*

***ज़िंदगी है, तो ज़िंदादिली भी होनी चाहिए...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में हुए कई निर्णय**

## एमपी में मंडी टैक्स डेढ़ परसेंट किया गया, कपास पर घटाया



▶ **15 जून से आगे नहीं बढ़ेगी ट्रांसफर की तारीख**

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

भोपाल स्थित मंत्रालय में मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में 9 जून 2026, मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में प्रदेश विकास के अहम फैसले लिए गए।

एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्याप ने कैबिनेट फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए कपास में मंडी शुल्क अभी 1 रुपए प्रति सैकड़ा लग रहा है। जिससे महाराष्ट्र के सीमावर्ती बुरहानपुर, खंडवा, निमाड़ क्षेत्र के लिए जिनिंग फैक्ट्रियों को महंगा पड़ता था। मध्यप्रदेश सरकार ने निर्णय लिया कि कपास पर मंडी शुल्क आधा टका करेंगे। आधा प्रतिशत मंडी शुल्क होने से प्रदेश का कपास प्रदेश की जिनिंग फैक्ट्रियों में प्रोसेस होगा।

मंत्री कश्याप ने आगे बताया कि कपास को छोड़कर अन्य बाकी सभी सामान्य उपजों पर वर्तमान में मंडी शुल्क 1 रुपया लिया जा रहा है। चार साल पहले इस पर डेढ़ प्रतिशत कर दिया गया था। पिछले साल फिर घटा दिया था, लेकिन अब फिर से आधा प्रतिशत बढ़ा दिया है। इससे 800 करोड़ में आमदनी होने की संभावना है।

मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के लिए अतिरिक्त राशि देने का प्रस्ताव भी मंजूर हुआ। मेट्रो रेल परियोजना की लागत में 3000 करोड रुपए की वृद्धि की गई। पहले यह 6941 हजार करोड़ रुपये थी, जो अब 10033 करोड़ रुपये हो गई है। प्रदेश में 21 जून तक विकास कार्यों का आयोजन किया जाएगा, 21 जून से शिविर भी लगेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों से कहा कि वे 15 जून तक तबादले काम पूरा कर लें, तारीख में फिलहाल कोई वृद्धि नहीं की जाएगी।

**मध्यप्रदेश पुलिस की महिला अधिकारी ने नया इतिहास रचा**

## दीपिका गौतम ने अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो को किया फतह

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

मध्यप्रदेश पुलिस की इंस्पेक्टर दीपिका गौतम ने अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो फतह कर नया इतिहास रच दिया है। वह मध्यप्रदेश पुलिस की पहली महिला अधिकारी बन गई हैं, जिन्होंने इस विश्व प्रसिद्ध पर्वत पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की है।

दीपिका भोपाल स्थित एससीआरबी पीएचक्यू में पदस्थ है। उन्होंने 29 मई को करीब 5,895 मीटर ऊंची माउंट किलिमंजारो की चोटी पर पहुंचकर यह उपलब्धि हासिल की। खास बात यह रही कि इस अंतरराष्ट्रीय अभियान में वह भारत की एकमात्र प्रतिभागी थीं।

दीपिका कहती हैं कि नौकरी और



पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच अक्सर लोग अपने सपनों को पीछे छोड़ देते हैं, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उनका मानना है कि 'सपनों के बिना जिंदगी अधूरी होती है,' और यही सोच उन्हें किलिमंजारो तक ले गई। किलिमंजारो पर चढ़ाई पांच दिन का कठिन सफर था, जिसमें तीन बेस कैंप पार करने के बाद अंतिम चढ़ाई रात में शुरू हुई। इस दौरान तापमान माइनस 10 से 15 डिग्री तक पहुंच गया।

## कोर्टयार्ड बाय मैरियट का फूड लाइसेंस निलंबित

**निरीक्षण में चूहे और गंभीर खाद्य सुरक्षा खामियां मिलीं**

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

राजधानी भोपाल के प्रतिष्ठित होटल Courtyard by Marriott के खिलाफ खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। होटल में चूहों की मौजूदगी संबंधी शिकायत मिलने के बाद राज्य और केंद्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर होटल की खाद्य व्यवसाय




गतिविधियों तथा केंद्रीय खाद्य लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। संचालित होटल परिसर, डीबी सिटी स्थित अरेरा हिल्स में निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों की व्यापक अनदेखी पाई गई। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय अभिहित अधिकारी ने होटल का सेंट्रल लाइसेंस (संख्या 11421999000174) निलंबित करने के आदेश जारी किए।

## पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट से 3 की मौत

**जयपुर ■ एजेंसी**

**घर में चल रहा था अवैध कारखाना**



राजधानी जयपुर के खो नागोरियान क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक घर में संचालित पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लगने और विस्फोट होने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जिस मकान में हादसा हुआ, वहां घर के भीतर ही पटाखा निर्माण का काम चल रहा था। अचानक आग लगने के बाद तेज धमाके हुए, जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग, सिविल डिफेंस, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

जयपुर कलेक्टर संदेश नायक ने तीन लोगों की जलने से मौत की पुष्टि की है। वहीं पांच घायलों को उपचार के लिए जयपुरिया अस्पताल और एसएमएस अस्पताल भेजा गया है। इनमें से तीन घायलों को एसएमएस अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। चिकित्सकों के अनुसार ये सभी 50 से 70 प्रतिशत तक झुलस चुके हैं और उनकी स्थिति मरणासन्न बनी हुई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन, एडीएम और सिविल डिफेंस की टीमें मौके पर मौजूद हैं। दमकलकर्मी आग पर पूरी तरह काबू पाने और मलबे में फंसे लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं। आशंका है कि मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ सकती है। प्रशासन ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आवासीय क्षेत्र में पटाखा फैक्ट्री किस प्रकार संचालित की जा रही थी और इसके लिए आवश्यक अनुमति ली गई थी या नहीं।

## पीओके में पाकिस्तानी सेना ने हक मांग रहे कश्मीरियों को गोलियों से भूना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर यानी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में पाकिस्तानी सेना और सुरक्षाबलों ने खूनी खेल खेला है। हक मांग रहे कश्मीरियों को पाकिस्तानी सेना ने गोलियों से भून दिया। हमले में 27 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। पाकिस्तान सेना ने यह खूनी खेल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के शहर रावलकोट में खेला। यह खूनी खेल उस खेला गया है, जब एक दिन पहले ही 7 जून को पाकिस्तान ने कब्जे वाले गिलगित बाल्टिस्तान में स्थानीय चुनाव कराए गए हैं। घटना के बाद से पूरे पीओके में तनाव चरम पर है। पूरे क्षेत्र में 9 जून यानी आज बंद का आह्वान किया गया है। प्रदर्शन से निपटने के लिए पाक सरकार 14 हजार सैनिकों की फौज पाक अधिकृत कश्मीर में भेज रही है। जबकि 5 जून से पूरे पीओके में इंटरनेट बंद है।

**27 से ज्यादा की मौत, 100 से अधिक घायल**

**एसटीएफ के शिकंजे में नशीले कफ सिरप का मास्टरमाइंड**

## 30 हजार का इनामी अर्जुन मालवीय गिरफ्तार

**डमी दुकान के जरिए करता था अवैध कारोबार**

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

मध्य प्रदेश एसटीएफ को नशीले कफ सिरप के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी अर्जुन मालवीय को एसटीएफ ने बैतूल जिले के भैंसदेही क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। अर्जुन मालवीय पर एसटीएफ ने 30 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। जांच में सामने आया था कि आरोपी भोपाल के बागसेवनिया क्षेत्र में 'अर्जुन ट्रेडर्स' के नाम से एक डमी दुकान संचालित कर रहा था। इसी दुकान की आड़ में वह नशीले कफ सिरप की अवैध बिक्री और सप्लाई का नेटवर्क चला रहा था। एसटीएफ की टीम आरोपी की लगातार तलाश कर रही थी। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस की गई, जिसके बाद बैतूल के भैंसदेही में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी से पूछताछ में नशीले कफ सिरप के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है। एसटीएफ अब पूरे गिरोह की गतिविधियों और सप्लाई चेन की जांच में जुटी हुई है।

**अमृत दर्शन ने कलेक्टर नरसिंहपुर से नल-जल योजना की मांगी जानकारी**

# आईएएस रजनी सिंह ने कहा 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण, जिले में जल संकट नहीं

**भोपाल ■ सुरेन्द्र शर्मा**

प्रदेश के कई जिलों में जल संकट गंभीर रूप ले चुका है। नरसिंहपुर जिले में पीने के पानी की क्या स्थिति है। नल से हर घर जल योजना का काम कितना हुआ और कितना होना है। इस विषय में **अमृत दर्शन** ने जब जिला कलेक्टर रजनी सिंह से जानकारी मांगी तो उन्होंने कहा कि 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है जिले में पानी की कोई समस्या नहीं है कुछ क्षेत्रों में यदि मामूली समस्या हुई भी है तो वहां पर टैंकरों से पानी की सप्लाई की गई। कलेक्टर रजनी सिंह ने साफ तौर पर कहा कि फिलहाल मेरे जिले में पानी की समस्या नहीं है। मैं ओर कहीं की बात नहीं कर सकती।

जानकारी के मुताबिक मध्यप्रदेश का नरसिंहपुर जिला कृषि एवं उद्योग के क्षेत्र में एक विकसित जिला है। जिले की जनसंख्या लगभग 10.92 लाख (2011 जनगणना के अनुसार) है और इसका कुल क्षेत्रफल 5,126 वर्ग किलोमीटर है। राज्य और जिला प्रशासन द्वारा नरसिंहपुर और इसके विभिन्न हिस्सों (जैसे गाडरवारा, करेली आदि) में कई बुनियादी ढांचे और सड़क परियोजनाओं पर काम चल रहा है।



जिले में कलेक्टर रजनीसिंह की काफी चर्चा है हुआ एक तेज-तर्रार और सख्त कार्यशैली के लिये चर्चित हैं। मध्यप्रदेश कैडर की 2013 बैच की आईएएस प्रशासनिक हलकों में उनकी सख्त, पारदर्शी और त्वरित समाधान वाली कार्यशैली के लिये जाना जाता है। उनकी कार्यशैली के प्रमुख बिंदु निम्नलिखित है सख्त और अनुशासित उन्हें एक बहुत की सख्त अधिकारी माना जाता है। उनकी छवि ऐसे प्रशासक की है जो नियमों से कोई समझौता नहीं करती हैं और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करती हैं। त्वरित समाधान आम जनता की समस्याओं, विशेषकर दिव्यांगों और जरूरतमंदों के मामलों पर उनका रुख बेहद संवेदनशील और त्वरित होता है। वह आवेदनों पर सीधे संज्ञान लेकर तत्काल संबंधित विभागों को समाधान के निर्देश देने में विश्वास रखती है। फील्ड विजिट रजनी सिंह अक्सर बंद कमरों की बैठकों तक सीमित न रहकर खुद ग्राउंड जीरो पर जाकर योजनाओं और कार्यों का औचक निरीक्षण करती हैं।

### सड़क निर्माण परियोजनाएं

गोटेगांव/गाडरवारा क्षेत्र में कनेक्टिविटी की बेहतर करने के लिये कई बड़ी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें चिचली से सालिचौका तक सड़क निर्माण, अर्जुनगांव से गाडरवाडा तक सड़क निर्माण (लागत रु. 27 करोड़) शामिल हैं।

- **विद्युत सबस्टेशन :** जिले में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिये साईंखेड़ा कस्बे में 132 किलोवाट का विद्युत सबस्टेशन स्थापित किया जा रहा है।
- **गाडरवाडा सुपर थर्मल पावर प्रॉजेक्ट :** एनटीपीसी द्वारा गाडरवाडा में कोयला आधारित विशाल पावर प्लांट (1200 मेगावॉट) का विस्तार एवं संचालन किया जा रहा है।
- **कृषि अवसंरचना :** जिले में व्यापार को बढ़ावा देने के लिये एक औद्योगिक पार्क की स्थापना भी की जा रही है।



भोपाल। जय श्री राम श्री राम मंदिर गुरु बख्श की तलैया हमीदिया रोड भोपाल में 8 जून 2026 को समय 8 :00 बजे से लेकर 10 :00 बजे तक भव्य भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें अधिक से अधिक सनातन धर्म प्रेमी आए और धर्म लाभ अर्जित किया। इसमें मुख्य रूप से किन्नर समाज के कई लोग आए थे भजन संध्या में राम रस की वर्षा होने लगी जिसमें कई भक्त झूमते नाचते नजर आए।

# विधायक सबनानी ने दिखाई मलेरिया जागरूकता रथ को हरी झंडी

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा के मार्गदर्शन में एवं जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव के निर्देशन में मलेरिया माह जून 2026 के अंतर्गत सोमवार को भोपाल जिले के दक्षिण पश्चिम क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा मलेरिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला मलेरिया कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



कार्यक्रम के दौरान विधायक ने जिले में मलेरिया प्रकरणों में आई कमी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला मलेरिया कार्यालय द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की तथा रोग नियंत्रण गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया। मलेरिया रथ के शुभारंभ अवसर पर जिला मलेरिया कार्यालय की टीमएवं सभी जोन के सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

इसी क्रम में जिला मलेरिया कार्यालय की लैब में एलेन मेडिकल कॉलेज, भोपाल के एमबीबीएस इंटर्नशिप के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (हङ्क्ष्ब्ष्टक्क) के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को रोगों की पहचान, रोकथाम एवं नियंत्रण संबंधी गतिविधियों से अवगत कराया गया एवं मलेरिया, फाइलेरिया, माइक्रोस्कोपिक प्रशिक्षण लैब प्रभारी श्रीमती गीता लक्ष्मी श्रीमती अन्नपूर्णा नीरज एवं दीपिका द्वाराप्रदाय किया गया।

जनजातीय गरिमा उत्सव2026 के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर के वार्ड क्रमांक-1 स्थित गौंड बस्ती में प्रचार-प्रसार एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय आदिवासी समुदाय को मलेरिया एवं डेंगू के लक्षण, बचाव एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### धारदार हथियार सहित बदमाश गिरफ्तार

भोपाल। शहर की टीटी नगर थाना पुलिस ने एक युवक को छूरी सहित गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस के अनुसार बीते दिन मुखबिर से मिली सूचना पर दशहरा मैदान में खड़े संदेही युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान सुमित कौल उर्फ क्रेजी पिता राजू प्रसाद कौल ( 190 निवासी बाणगंगा टीटी नगर के रुप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से लोहे का छुरी बरामद हुई। पुलिस ने मामला कायम कर हथियार को जप्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपी सुमित के खिलाफ थाना टीटी नगर, रातीबड और श्यामलाहिल्स में पूर्व से पॉच अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

### ट्रक खरीदने के नाम पर लाखों की हेराफेरी

भोपाल। मिसरोद पुलिस ने शिवपुरी के ट्रांसपोर्टर की शिकायत पर वाहन डीलर समेत दो लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपियों ने ट्रांसपोर्टर से दो ट्रक खरीदे और कागजात तैयार कर 36 लाख रुपए फाइनेंस करा लिए। उसमें से फरियादी को केवल 12 लाख की रकम दी गई, और 23 लाख रुपए आरोपियों ने अपने पास रख लिए। पुलिस के मुताबिक शिवपुरी के पंकज शर्मा ( 45 ) ने लिखित शिकायत करते हुए बताया था की वह ट्रांसपोर्टर हैं। उनके भाई भोपाल में रहते हैं। जनवरी 2025 में दो ट्रक बेचने के लिये पंकज शर्मा ने वाहन डीलर गजराज सिंह परमार से संपर्क किया। गजराज का ऑफिस शीतलधाम सोसायटी समरधा में है। पंकज ने गजराज के जरिये से दोनो ट्रको का सौदा रजनीकांत यादव से 36 लाख रुपए में तय करते हुए उसे बेच दिए। रजनीकांत के नाम ट्रक ट्रांसफर होने के बाद उस पर 36 लाख की रकम फाइनेंस कराई गई। रजनीकांत ने फाइनेंस के 36 लाख रुपए गजराज को दे दिए ताकि वो पंकज को ट्रक खरीदने की रकम दे दे। लेकिन गजराज ने पंकज को 12 लाख रुपए दिए और बाकी की 23 लाख की रकम अपने पास रख ली। जब फरियादी ने बार-बार रकम देने का दबाव बनाया तब वह टाल-मटौल करने लगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा

# हितग्राही को बैंक से सब्सिडी और ऋण दिलाने में भी करें सहयोग : मुख्यमंत्री

- ■विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियाँ उसी साल वितरित करें, जिस वर्ष में वह देय हैं
- ■संपत्तियों से संबंधित भूमि विवादों का किया जाये सकारात्मक निराकरण
- ■प्रदेश में होगी डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सिमुलेटरी स्पेस सेंटर की स्थापना

भोपाल ■ अमृत दर्शन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग द्वारा उद्यम व स्वरोजगार योजना में दी जाने वाली सब्सिडी व ऋण सहायता सुलभ व समय में देकर उसके उपयोग की मॉनीटरिंग भी की जाये। विभाग अपनी विभागीय प्रक्रिया को पूर्ण कराने के अलावा संबंधित हितग्राही को बैंक से समुचित सब्सिडी/ऋण दिलाने में भी हितग्राही का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को सरकार द्वारा दी जा रही छात्रवृतियां उसी वर्ष तय तारीख तक आवश्यक रूप से वितरित कर दी जाये, जिस वर्ष में वह छात्रवृत्ति देय है। विभागीय अधिकारी इसके लिए स्कूल शिक्षा/उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों से बेहतर समन्वय करके काम करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रक्रिया का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को सहज, सुलभ व समय पर लाभ देना होना चाहिए। उद्देश्य पूर्ति के लिये किसी भी तकनीकी समस्या या अन्य प्रक्रियात्मक त्रुटियों का तत्काल समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की सभी प्रकार की वक्फ संपत्तियों की प्रविष्टियाँ केंद्र सरकार द्वारा संचालित उम्मीद पोर्टल पर आवश्यक रूप से की जाए तथा वक्फ संपत्तियों से संबंधित भूमि विवादों के निराकरण के लिए लगातार मॉनीटरिंग कर उनका सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### ओबीसी युवाओं के लिये अन्य सुविधाएँ

दिल्ली छात्र गृह योजना में सुधार कर शिष्यवृत्ति राशि 1550 रुपए से बढ़ाकर 10 हजार रुपए कर दी गई है। लाभार्थियों की संख्या भी सालाना 50 से बढ़ाकर 300 कर दी गई है। प्रदेश के इतिहास में ओबीसी के छात्रावासों में पहली बार विभाग द्वारा मेस की सुविधा का आरंभ किया जा रहा है। विभागीय 31 कन्या छात्रावासों को आदर्श छात्रावास के रूप में विकसित किया गया है। शेष 24 छात्रावासों के लिए 20.50 करोड़ रुपए की आवश्यकता है। प्रमुख सचिव ई. रमेश कुमार ने बताया कि पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति के लिए चयन मापदंडों में सुधार कर अब 8 मापदंडों के अनुसार मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जा रहा है। पहले सिर्फ क्यूएस रैकिंग बेस्ट एकल मापदंड के आधार पर चयन किया जाता था।

### प्रदेश में बनेगा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सिमुलेटरी स्पेस सेंटर

बैठक में प्रमुख सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण ई. रमेश कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के सहयोग से मध्यप्रदेश में जल्द ही डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सिमुलेटरी स्पेस सेंटर की स्थापना की जाएगी। इसका उद्देश्य प्रदेश के विद्यार्थियों एवं नागरिकों में वैज्ञानिक सोच तथा अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति अभिरूचि विकसित करना है। इस सेंटर के सुचारु संचालन के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा म.प्र. काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ( मैपकास्ट ) से सहयोग लिया जाएगा।

# भोज मुक्त यूनिवर्सिटी के एडवाइजर को शादी का झांसा देकर साढ़े दस लाख ठगे




- ■मैरिज ब्यूरो संचालक बनकर एक महिला से शादी की बातचीत कराई
- ■लाखों की रकम ऐठनें के बाद दी उस महिला की मौत की खबर

भोपाल ■ अमृत दर्शन

अकेलेपन को दूर करने के लिये जीवनसाथी की तलाश में 64 वर्षीय भोज मुक्त यूनिवर्सिटी के एडवाइजर को अखबार में छपे वैवाहिक विज्ञापन पर संपर्क करना मंहगा पड़ गया। अनजाने में ही वह शातिर जालसाजों के जाल में फंस गए। ठगो ने मैरिज ब्यूरो संचालक बनकर उनसे बातचीत की और रजिस्ट्रेशन फीस जमा कराने के बाद शादी के लिए एक महिला बताकर उस महिला से बातचीत भी करा दी। उस महिला ने फोन पर उनसे बातचीत करते हुए शादी के लिये सहमति देने के साथ ही उन्हें अपने विश्वास में लिया और अलग-अलग बहाने से लाखो की रकम ऐंठ ली। आाखिर में फरियादी को बताया की जिस महिला से उनकी शादी की बात चल रही थी, उसकी मौत होने गई है। तब पीड़िता को अपने साथ ठगी का अहसास हुआ और मामला पुलिस के पास पहुचां। घटना कोलार रोड थाना इलाके की है।

**पेपर में देखा था रिटायर्ड सुपरवाइजर महिला की शादी का ऐड:** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 64 वर्षीय संजय गुलाटी ने अपनी शिकायत में बताया की वह दानिश कुंज में रहते हैं। 29 मार्च 2026 को उन्होंने एक समाचार पत्र में वैवाहिक विज्ञापन देखा। विज्ञापन में इंदौर में रहने वाली महिला एवं बाल विकास विभाग की सेवानिवृत्त सुपरवाइजर 60 वर्षीय कविता शर्मा के लिए वर की आवश्यकता बताई गई थी। और संपर्क के लिए एक मोबाइल नंबर दिया गया था। संजय गुलाटी ने दिए गए नंबर पर संपर्क किया तब दूसरी और से बात करने वाली महिला ने खुद को मैरिज ब्यूरो संचालिका बताते हुए रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप 1500 रुपए ऑनलाइन जमा कराये।




भोपाल। मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं मंत्री नारायण सिंह पंवार ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं मंत्री नारायण सिंह पंवार ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी जनसमस्याओं को समझा और उन्हें शीघ्र समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।

### कोचिंग सेंटर की महिला ऑपरेटर का डेढ़ लाख का मोबाइल झपटा

**भोपाल।** शहर के पिपलानी थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशो ने कोचिंग सेंटर की महिला ऑपरेटर से कीमती आई फोन झपट लिया और फरार हो गये। वारदात करीब चार दिन पहले की है, जिसकी जॉच के बाद अब मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से संदेहियों की धरपकड़ के प्रयास कर रही है। थाना पुलिस के अनुसार कृतिका वाणी पिता विनोद कुमार वाणी (22) निवासी अयोध्या बायपास पर स्थित सागर स्प्रिंग सिल्वर कॉलोनी ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बतायसा की उनकी इंद्रपुरी में कोचिंग सेंटर हैं। बीती 3 जून की रात करीब नौ बजे वह अपने मोबाइल पर बातचीत करती हुई जा रही थी। कल्पना नगर के पास गीत अपार्टमेंट के नजदीक पहुचंने पर दो बाइक युवक उनके नजदीक आये और तेजी से झपटा मारकर उनके हाथ मे पकड़ा डेढ़ लाख कीमत का आई फोन छीन कर फरार हो गए। पुलिस ने आवेदन की जॉच के बाद बीते दिन अज्ञात आरोपियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## निगम की अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी

# संपदा संचालनालय की कार्यवाही में सहयोग करते हुए चक्की चौराहा क्षेत्र में 39 आवासों को खाली कराया

भोपाल ■ अमृत दर्शन

नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी क्रम में निगम के अमले ने सी.एम. हेल्पलाईन, महापौर हेल्पलाईन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत नवीन निगम मुख्यालय भवन के बाहर सड़क एवं फुटपाथ के अंदर अवैध रूप से रखी 01 बड़ी गुमठी जप्त की। संपदा संचालनालय की कार्यवाही में सहयोग करते हुए चक्की चौराहा क्षेत्र से 39 आवासों को खाली कराकर तालाबंदी की कार्यवाही कराई साथ ही मेट्रो रेल कार्पोरेशन के अधिकारियों को सहयोग देते हुए ब्लू लाईन मेट्रो के निर्माण में बाधक रोशनपुरा क्षेत्र में 30 दुकानों के मालिकों को 02 दिन में चिन्हित सीमा तक दुकानें हटाने की समझाइश दी।



निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सोमवार को निगम अमले ने नवीन मुख्यालय अटल भवन के बाहर मुख्य मार्ग पर फुटपाथ पर अवैध रूप से रखी 01 बड़ी गुमठी जप्त की।

इसके अतिरिक्त निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने संपदा संचालनालय की कार्यवाही में सहयोग करते हुए चक्की चौराहा क्षेत्र से 39 आवासों को खाली कराकर तालाबंदी की कार्यवाही कराई साथ ही मेट्रो रेल कार्पोरेशन के अधिकारियों को सहयोग देते हुए भदभदा से रत्नागिरी तक ब्लू लाईन मेट्रो के निर्माण में बाधक रोशनपुरा क्षेत्र में बापू की कुटिया के लाईन की 30 दुकानों के मालिकों को 02 दिन में चिन्हित सीमा तक दुकानें हटाने की समझाइश दी।

## भोपाल के युवा उद्यमी आरिन रत्नेश ने वैश्विक बाजार में बनाई पहचान

# फ्रांस को 46 हजार आईस्ड टी प्रीमिक्स पैक्स का निर्यात कर रचा सफलता का नया अध्याय

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के युवा उद्यमी एवं प्रमाणित टी टेस्टर आरिन रत्नेश ने अपने नवाचार, परिश्रम और उद्यमशीलता के बल पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उनकी स्टार्टअप कंपनी हरितिमा फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फ्रांस को 46,000 आईस्ड टी प्रीमिक्स पैक्स का सफल निर्यात किया गया है। यह उपलब्धि न केवल उनके उद्यम की सफलता का प्रमाण है, बल्कि मध्यप्रदेश के उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम की बढ़ती वैश्विक पहचान को भी दर्शाती है।



आरिन रत्नेश ने युवावस्था में ही यह संकल्प लिया था कि वे भारतीय स्वाद और गुणवत्ता को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाएंगे। चाय के क्षेत्र में विशेष ज्ञान और नवाचार आधारित सोच के साथ उन्होंने ऐसे उत्पाद विकसित किए, जो गुणवत्ता, स्वाद और आधुनिक उपभोक्ता आवश्यकताओं के अनुरूप हैं। उनके द्वारा विकसित आईस्ड टी प्रीमिक्स उत्पादों को विदेशी बाजार में भी सराहना मिली, जिसके परिणामस्वरूप फ्रांस जैसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में बड़े स्तर पर निर्यात संभव हो सका।

अपनी इस उपलब्धि पर आरिन रत्नेश ने मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि शासन और एमएसएमई विभाग से मिले मार्गदर्शन, प्रोत्साहन तथा विपणन अवसरों ने उनके व्यवसाय को नई दिशा दी। विशेष रूप से मध्यप्रदेश स्टार्टअप सेंटर द्वारा वर्ष 2025 में नई दिल्ली में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (ढ्ढढ्ढञ्जस्न-2025) में मध्यप्रदेश पवेलियन के माध्यम से उत्पादों के प्रदर्शन का अवसर मिलने से उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों तक पहुंच बनाने में महत्वपूर्ण सहायता मिली।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने आरिन रत्नेश की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के युवा अब नवाचार और उद्यमिता के माध्यम से वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्टार्टअप्स और नवाचार आधारित उद्यमों को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है, ताकि युवाओं को अपने विचारों को सफल व्यवसाय में बदलने के लिए बेहतर अवसर और अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो सके।

आज आरिन रत्नेश की सफलता उन हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो अपने सपनों को साकार करने का साहस रखते हैं। उनकी उपलब्धि यह साबित करती है कि सही मार्गदर्शन, नवाचार और दृढ़ संकल्प के साथ मध्यप्रदेश के युवा वैश्विक बाजार में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं।

## सुरक्षा गार्डो के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

# प्रापर्टी विवाद में हवाई फायर करने वाले गार्ड अरेस्ट, जेल भेजने की तैयारी

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मिसरोद थाना इलाके में स्थित सुरेंद्र लैंडमार्क में शनिवार देर रात शालीमार कॉलोनी के पास जमीन को लेकर हुए विवाद के चलते दो सिक्योरिटी गार्डो ने अपनी 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक से दर्जन भर राउंड फायरिंग कर दशहत फैला दी। बताया गया है की आरोपी गार्डो ने विवादास्पद जमीन पर साफ-सफाई करने पहुंचे ठेकेदार और उसके मजदूरों से हुए विवाद के बाद फायरिंग की थी।

घटना के समय पैट्रौलिंग कर लौट रहे टीआई रतन सिंह परिहार गोलियां की आवाज सुनते ही घटनास्थल पर पहुचें और साहसपूर्वक गोलियां चला रहे दोनों गार्डो की बंदूकों के बैरल के पकड़कर ऊपर की और कर दिए। बाद में टीआई और आरक्षक ड्रायवर ने दोनों गार्डो को काबू में कर उनसे बंदूकें छीन कर अपने कब्जे में लीं। मामले में पुलिस ने गार्डो ने के खिलाफ कार्यवाही की है। पुलिस के मुताबिक हनुमानगंज क्षेत्र में रहने वाले मीरचंदानी और परियानी परिवार की सुरेन्द्र लैंडमार्क स्थित शालीमार एन्क्लेव के पास कवर्ड कैम्पस में पांच एकड़ जमीन है। इनका शालीमार बिल्डर के नाम से कंस्ट्रक्शन का काम है। इस जमीन में करीब 12 हजार वर्गफिट हिस्सा अजय नागर का है। नागर चाहते हैं, उन्हें उनका 12 हजार वर्ग फिट का हिस्सा सामने की ओर होशंगाबाद रोड पर मिले। जबकि मीरचंदानी और परियानी परिवार का कहना है कि सीमांकन कराने के बाद जिसके हिस्से में जो जगह आए, वो ले ले। इसी विवाद को लेकर मामला कोर्ट में लंबित है।

# देश की जरूरत के हिसाब से फिल्में बन रही हैं - राजीव वर्मा, फिल्म अभिनेता, रंगकर्मी

भोपाल ■ जगत शर्मा

मैंने प्यार किया,हम साथ साथ हैं,परदेशी बाबू,हम दिल दे चुके सनम, वीर-जारा, कोई मिल गया जैसी सफलतम फिल्मों के साथ साथ मुजरिम हाजिर है, चुनौती समेत दर्जनों लोकप्रिय धारावाहिकों में अपने विशिष्ट अभिनय से अपनी विशेष पहचान बनाने वाले देश के जाने-माने फिल्म अभिनेता, रंगकर्मी और संस्कार भारती मध्य प्रदेश के अध्यक्ष राजीव वर्मा जी से अमृत दर्शन के कार्यकारी संपादक जगत शर्मा ने फिल्म, रंगकर्म , नाट्यविधा और सामाजिक मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। जिसके महत्वपूर्ण अंश प्रस्तुत है-

**सवाल** - मैंने प्यार किया फिल्म मेरी किशोर अवस्था की अत्यंत मधुर स्मृतियों में विशेष स्थान रखती है। मैंने उसमें आपके अभिनय को देखकर यह महसूस किया था कि बाबूजी ऐसे होने चाहिए जो बच्चों की तमाम ख्वाहिश पूरी करें। पहले फिल्म से लोग खुद को जोड़ लेते थे। अब फिल्में बदल गई है। क्या अंतर देखते हैं आप पहले और आज की फिल्मों में।

**जवाब** - आपने बहुत अच्छा सवाल किया है आज से 40 साल पहले का दौर अलग था आपकी किशोरावस्था की स्मृतियों में मैंने प्यार किया आज भी है, तो यह कमाल उस दौर की फिल्मों का था । मैंने अपना फ़िल्मी कैरियर आकाशवाणी के माध्यम से शुरू किया था, वैसे मैं एक आर्किटेक्ट हूं । मैंने 23 साल सर्विस की है ,तो आकाशवाणी के माध्यम से ही एक सीरियल करने को मिला दूरदर्शन पर(पहले दूरदर्शन ही सीरियल बनाता था) । सीरियल का नाम चुनौती था,जिसमें पहले शशि कपूर जी को लिया जा रहा था ,लेकिन मेरा चेहरा मोहरा उस स्क्रिप्ट के हिसाब से बिल्कुल फिट था ,इसलिए मेरे को लिया गया। उसके बाद फिर मैंने 'मुजरिम हाजिर है ' जैसे सीरियल में





काम किया और वहीं से फिर मैंने प्यार किया का हिस्सा बना ।राजश्री प्रोडक्शन हमेशा कुछ ना कुछ नया प्रयोग करता है । निर्देशक सूरज बड़जात्या को फिल्म में नए कलाकार चाहिए इसलिए इसमें सभी लगभग नए थे ।तो यहां से फिर फिल्मी सफर शुरू हुआ जिसके बाद बहुत सारी फिल्में की।

आपका जो मूल प्रश्न है कि पहले की और आजकी फिल्मों में क्या अंतर है ,तो सबसे बड़ा अंतर जो मैं देख पा रहा हूं अब क्वालिटी टेक्निक और काम के प्रति समर्पण पहले से ज्यादा है पहले लोग एक साथ कई फिल्मों में काम करते थे और एक फिल्म बनने में दो-तीन वर्ष लगते थे लेकिन अब कलाकार दो-तीन महीने में एक ही फिल्म करते हैं जिस तरह से विदेश में होता है और पूरे समर्पण के साथ उसका प्रमोशन करते हैं जब एक फिल्म खत्म हो जाती है तब दूसरी फिल्म शुरू होती है इस तरह से अगर देखा जाए तो अब फिल्मों में बहुत ज्यादा परिवर्तन हो गया है।

**सवाल** - आपका स्ट्रगल टाइम कैसा रहा।

**जवाब** - आपने बड़ा मजेदार सवाल किया है ।मेरा स्ट्रगल टाइम जो था,वह एक अलग तरह का समय था। मैं नौकरी भी करता था और फिल्मों में काम भी करता था। जैसा मैंने कहा कि पहले दो-तीन साल तक एक फिल्म की शूटिंग होती थी,तो मैं छुट्टी लेकर शूटिंग करने जाता था ।बाद में मैंने मुंबई में ही एक रूम ले लिया था ,जहां जाकर मैं रहता था। मैंने 23 साल नौकरी की है ,इस वजह से कि मेरी पेंशन हो जाए उसके बाद फिर मैंने वीआरएस ले लिया और पूरी तरह से फिल्मों में सक्रिय हो गया। तो आप कह सकते हैं कि यह स्ट्रगल थोड़ा अलग तरह का था

**सवाल** - कंटेंट के लिहाज से कैसे देखते हैं इस परिवर्तन को।

**जवाब** - देखिए अपने-अपने दौर की अपनी अपनी कहानी होती है। पहले जब हम आजाद हुए थे ,तो चारों तरफ खुशियां थी, इसलिए उसी तरह की फिल्में बनती थी। जिसमें एक प्रेम कहानी होती थी, हीरो हीरोइन के साथ एक कॉमेडियन और एक कोई विलन जो कि एक कंपलीट इंटरटेनमेंट पैकेज था । उसी तरह की कहानी लंबे समय तक बनी । उस दौर का गीत संगीत बहुत प्रभावशाली था। आज भी हम वह संगीत सुनते हैं। उसके बाद फिर अलग दौर आया और यह दौर अलग है। फिल्में देश की जरूरत के हिसाब से बनती हैं। आपको याद होगा उपकार फिल्म एक संदेश देने के लिए बनी थी। दो आंखें बारह हाथ बनने के बाद देश के जेल मैन्युअल में परिवर्तन हुआ था। हां यह बात भी सही है कि बहुत सारी प्रोपेगेंडा फिल्में भी बनती है, और बन रही हैं। लेकिन इन सबके बीच में बहुत सारा अच्छा काम भी हो रहा है।

**सवाल** - आज के दौर की फिल्मों में क्या कमी देखते हैं आप।

**जवाब** - अब फिल्मों में साहित्य दिखाई नहीं देता है ।एक दौर था, जब साहित्यिक फिल्में बनती थी। शरदचंद्र हो या बंकिम चंद्र हो ,रविंद्र नाथ टैगोर हो मुंशी प्रेमचंद हो ,उनके साहित्य पर भी बहुत सारी फिल्में बनी है। लेकिन अब उस तरह का कंटेंट फिल्मों में नहीं दिखाई देता है । इसके साथ आप देखिए कि उस दौर में गुलशन नंदा के उपन्यासों पर भी बहुत क्लासिकल फिल्में बनी है। लेकिन अब यह एक कमी हम जरूर देखते हैं। साहित्य समाज का दर्पण होता है। अभी केरल स्टोरी जैसी फिल्म आई या फिर धुरंधर है यह एक दौर की फिल्में हैं , क्लासिक नहीं है। यह प्रासंगिक नहीं रहेंगी आगे चलकर। जैसे द केरल स्टोरी में एक समस्या बताई है । आगाह किया गया है ठीक है वह समस्या 15-20 साल तक चलेगी ,उसके बाद वह खत्म हो जाएगी ,इसी तरह की धुरंधर है। हम समाज को संवेदनशील कैसे बनाएं हम समाज को सकारात्मक कैसे बनाएं इसके लिए तो आपको साहित्यिक फिल्में ही बनाने की आवश्यकता है। हां यह काम आज थिएटर कर रहा है, ताकि एक पॉजिटिव वेब जो है वह समाज में आए और कुछ सीखने को मिले। थियेटर को आप केवल मनोरंजन के तौर पर न लें यह संदेश देने का काम भी कर रहे हैं।

**सवाल** - क्या अब लोग थियेटर की तरफ लौट रहे हैं।

**जवाब** - बिल्कुल सही कहा आपने अब लोग थिएटर की तरफ लौट रहे हैं। मेरे एक नाटक का मंचन रविंद्र भवन में हुआ था ,जो पूरी तरह से सफल रहा। इतने लोग वहां पर देखने आए की जगह कम पड़ गई,उन्हें बिठाने के लिए। इसी तरह से पिछले दिनों मैं माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय में गया। वहां मैंने देखा की नाटक को पसंद करने वाले 90% से ज्यादा स्टूडेंट्स हैं यानी की नई पीढ़ी भी अब थिएटर की तरफ लौट रही है। निश्चित तौर से थिएटर अब जागृत होंगे और इनके माध्यम से ही कल साहित्य और संस्कृति जीवित रहेंगे।





## मध्य प्रदेश में 16 जून से खुलेंगे सभी सरकारी स्कूल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूल 16 जून से नए शैक्षणिक सत्र के लिए खुलने जा रहे हैं। सोमवार से शिक्षक स्कूल पहुंचने लगे हैं, ताकि विद्यार्थियों के स्वागत के साथ-साथ शिक्षण व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके। स्कूलों में साफ-सफाई, पाठ्य सामग्री की तैयारी और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उधर, प्रदेश सरकार द्वारा आधुनिक शिक्षा और बेहतर संसाधनों से युक्त सांदीपनि विद्यालयों में अलग ही चुनौती सामने आ रही है। दरअसल, इन स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए निश्शुल्क परिवहन सुविधा शुरू की गई है, लेकिन स्कूल बसों की कमी या उनके संचालन की समस्या खड़ी हो गई है। इसका सबसे अधिक असर ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों पर पड़ रहा है, जिन्हें विद्यालय पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि प्रदेश में 275 सांदीपनि विद्यालय हैं। इसमें से 150 में बस सेवा है, जबकि 125 स्कूल सुविधाविहीन हैं। वहीं कई स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में बसें उपलब्ध नहीं हैं, जबकि कुछ में भुगतान और संचालन संबंधी विवादों के कारण बस सेवाएं प्रभावित हुई हैं। परिणामस्वरूप बच्चों को निजी वाहनों, आटो या अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। उधर, विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्कूलों की दूरी कम होने से बच्चे आसानी से साइकिल से सफर कर सकते हैं। सांदीपनि विद्यालयों में बस संचालन के लिए विभाग ने संभाग स्तर पर टेंडर जारी किए थे, जिन्हें समाया ट्रांसपोर्टेशन प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया था। कंपनी को प्रति विद्यार्थी 2100 रुपये परिवहन शुल्क भी दिया जा रहा था। हालांकि, कंपनी के खिलाफ लगातार शिकायतें मिलने के बाद लोक शिक्षण संचालनालय ने कई जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विभाग के अनुसार कंपनी पर अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन, आवश्यकता के अनुरूप बसें उपलब्ध नहीं कराने और बस आपरेटरों को समय पर भुगतान नहीं करने के आरोप लगे हैं।

### शाला पूर्व शिक्षा को बेहतर बनाने के प्रयोगों और अनुभवों पर हुआ मंथन

## 175 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने साझा किए नवाचार

भोपाल ■ अमृत दर्शन

भोपाल में शाला पूर्व शिक्षा (ईसीई) को बच्चों के लिए अधिक रोचक और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी सभागार में ईसीई सेमिनार आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की फंदा परियोजना और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों की पढ़ाई और सीखने को बेहतर बनाने के लिए किए गए अपने नवाचारों और अनुभवों को साझा किया।



सेमिनार में फंदा परियोजना के सात सेक्टरों से 175 से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर, सीडीपीओ, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के विशेषज्ञ शामिल हुए। कार्यक्रम में 14 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने केंद्रों पर किए गए कार्यों की प्रस्तुति दी।

कार्यकर्ताओं ने बताया कि उन्होंने खेल-खेल में पढ़ाई, गतिविधियों और स्थानीय संसाधनों से तैयार शिक्षण सामग्री (टीएलएम) का उपयोग कर बच्चों में भाषा, गणित, सामाजिक व्यवहार और समझ विकसित करने का प्रयास किया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि बच्चों की रुचि को समझकर और नियमित रूप से उनका अवलोकन करके सीखने का माहौल बेहतर बनाया जा सकता है।

**स्थानीय संसाधनों से तैयार की शिक्षण सामग्री:** सेमिनार के दौरान टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मैटेरियल) प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री से तैयार किए गए शिक्षण साधन प्रदर्शित किए। प्रतिभागियों ने इन सामग्रियों को देखा और उनके उपयोग पर चर्चा की। प्रदर्शनी में यह दिखाया गया कि कम खर्च में भी बच्चों के लिए उपयोगी और आकर्षक शिक्षण सामग्री तैयार की जा सकती है।

**बच्चों की सीख में दिखे सकारात्मक परिणाम:** प्रस्तुतियों में बताया गया कि समुदाय की भागीदारी बढ़ाने, बच्चों की जरूरतों को समझने और गतिविधि आधारित शिक्षण अपनाने से आंगनवाड़ी केंद्रों का वातावरण अधिक सीख-केंद्रित बना है। इससे बच्चों की भाषा, गणित और सामाजिक कौशल में सकारात्मक सुधार देखने को मिला है।



**भोपाल।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की तीसरी सीट को भाजपा द्वारा कांग्रेसी विधायकों को हॉर्स ट्रेडिंग ना कर पाए। इस हेतु हेतु नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के नेतृत्व में कांग्रेसी विधायक कर्नाटक रवाना हुए।



**भोपाल।** आज बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार सहित अनेक कांग्रेसी विधायकों ने बिरसा मुंडा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विनोद भाई सहित अनेक आदिवासी उपस्थित रहे।

## मध्य प्रदेश में एक ही चेहरे पर सिम निकालने के सबसे ज्यादा मामले विंध्य क्षेत्र में

भोपाल ■ अमृत दर्शन

साइबर ठगों के लिए मध्य प्रदेश का विंध्य इलाका (रीवा, सतना और सीधी जिला) आसान लक्ष्य बन गया है। ठग क्षेत्र के मजदूरों और कम पढ़े-लिखे लोगों को निशाना बना रहे हैं। सर्वाधिक म्यूल खाते मिलने के बाद अब एक ही फोटो-आइडी से सर्वाधिक 2,279 सिम कार्ड रीवा-सतना में जारी होने का पर्दाफाश हुआ है।

मामले में अभी तक 19 जिलों में 32 एफआईआर दर्ज कर 42 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। एक चेहरे पर सर्वाधिक सिम निकालने का दूसरा बड़ा मामला मुरैना और दतिया जिलों का हैं, यहां 1376 सिम निकाली गई हैं। राज्य साइबर मुख्यालय ने 'ऑपरेशन फास्ट-2' के अंतर्गत टेलीकाम कंपनियों के सहयोग से आपरेशन फेस चलाया था, जिसमें विभिन्न जिलों प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर यह जानकारी सामने आई है।

**सिम कार्ड से बैंक में अकाउंट खुलवाकर ओटीपी लेते हैं:** साइबर मुख्यालय के मुताबिक विंध्य क्षेत्र में ठगों ने मजबूत नेटवर्क तैयार कर लिया है, जिससे उन्हें म्यूल खाते खुलवाने, अवैध तरीके से सिम कार्ड हासिल करने में आसानी होती है। बता दें कि इन सिम कार्ड का उपयोग बैंक खाता खुलवाने और ओटीपी प्राप्त करने के लिए किया जाता है।

भोपाल में सर्वाधिक चार एफआईआर दर्ज कर सात आरोपियों और राजगढ़ में तीन प्रकरण दर्ज कर सात आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। भोपाल, राजगढ़ के अलावा इस तरह के मामले बालाघाट, रीवा, विदिशा, नरसिंहपुर, ग्वालियर, सीधी, सिंगरौली, कटनी, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, नर्मदापुरम, झाबुआ, देवास, मंदसौर सीहोर और दमोह जिलों में भी सामने आए हैं।

### खुले में कचरा फेंका, जलाया तो जुर्माना करेगा निगम

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर भोपाल में मीटिंग; पार्षद बोले-क्या हमारे पास पैसा है?

भोपाल ■ अमृत दर्शन

भोपाल के ISBT स्थित निगम के मीटिंग हॉल में मंगलवार को ठोस अपशिष्ट एवं प्रबंधन के नए नियमों पर प्रजेंटेशन दिया गया। एक्सपर्ट अतुल खरे ने बताया कि खुले में कचरा फेंक या जलाया तो निगम सख्ती करते हुए जुर्माना करेगा। बिना निगम की अनुमति से यदि 100 लोगों का कार्यक्रम भी कर रहे हैं तो निगम को 3 दिन पहले जानकारी देना होगी।

नियमों के बीच मोहम्मद सरवर, योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान, मो. रियाज, शिरीन खान, अजीजउद्दीन समेत कई कांग्रेस पार्षदों ने सवाल भी उठाए। इस मीटिंग में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभा रहे मो. सरवर ने कहा कि पॉलीथिन पर भोपाल में ठोस कार्रवाई नहीं होती। सख्ती करेंगे तो ही ये नियगम लागू होंगे। सूखा-गीला कचरा अलग-अलग उठाया जाता है, लेकिन कई क्षेत्रों में अलग ही तस्वीर है। यदि नाली साफ की जाती है तो कचरा बाहर ही रख दिया जाता है, क्योंकि गाड़ी वाले ये ले जाते नहीं है। ऐसे में यही कचरा सूखने के बाद इधर-उधर फेलता है।

सफाई से जुड़ी कई दिक्कतें हैं, लेकिन उन्हें दूर करने की बात नहीं हो रही। सिर्फ कानून बनाने का ही प्रजेंटेशन हुआ है। पहले ही हम आम जनता से स्वच्छता शुल्क वसूल रहे हैं। नए नियमों से और बोझ पड़ेगा। कई जगह तो ड्राइवर ही गाड़ी में कचरा भरवा रहे हैं।



पार्षद गुड्डू चौहान ने कहा कि यहां नए नियम की बात तो की जा रही है, लेकिन क्या हमारे पास संसाधन है पैसा है सिर्फ बोलने से काम नहीं चलेगा। वार्ड की कचरा गाड़ी यदि खराब हो जाए तो उस वार्ड का कचरा 5 दिन तक नहीं उठता है। कर्मचारियों की कमी है। इनकी संख्या बढ़ाई जाए।

बीजेपी पार्षद विलास राव घाड़गे ने कहा कि उनके वार्ड में कर्मचारियों की संख्या हर साल कम हो रही है, लेकिन कचरा ज्यादा निकल रहा है। इसलिए सभी वार्डों में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए। बीजेपी पार्षद देवेंद्र भार्गव ने कहा कि पॉजिटिव रहे। नए नियमों से स्वच्छता ही बढ़ेगी। बड़े उद्योगपतियों से सख्ती से वसूली की जानी चाहिए।

कांग्रेस पार्षद देवांशु कंसाना ने कहा कि मेरे वार्ड की एक झुग्गी से आंधी की वजह से गिरा पेड़ छह दिन में ही उठा। यदि एक छोटे से काम में इतना वक्त लगेगा तो समझ सकते हैं कि काम की रफ्तार कितनी है इससे मैं हताश हूं।

**कंसाना की बात पर बीजेपी पार्षदों की आपत्ति:** बैठक के दौरान कांग्रेस पार्षद कंसाना ने गिरे पेड़ को हटाने और सफाई व्यवस्था पर जब बात की तो बीजेपी पार्षद बृजला सचाण ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि हमारे यहां तो कोई दिक्कत नहीं है। अन्य बीजेपी पार्षदों ने भी यह बात दोहराई।

प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21- एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित । फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा।प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल ।मोबाईल नं. 9827054436 ।